# घोटल मोटल के पहाड़े

मुकेश मालवीय

इन दिनों घोटल-मोटल को गणित को लेकर नए-नए खेल बनाने में मज़ा आ रहा है। वे संख्याओं में तरह-तरह के पैटर्न खोजते और बनाते रहते हैं। ऐसे ही एक दिन घोटल ने मोटल से कहा - मैंने 21 से 30 तक पहाड़े याद कर लिए हैं। पिछले पाँच दिनों से मैं इन्हें रट रहा था। देखो 21 का पहाड़ा ऐसे लिखेंगे ..

21 42 63 84 105 126 147 168 189 210

मोटल ने इस पहाड़े को ध्यान से देखा और बोला, अरे, इसे याद करने की क्या ज़रूरत है इसके लिए पहले 2 का पहाड़ा लिख लो ..

2 4 6 8 10 12 14 16 18 20, अब इनके आगे 1 से 10 तक गिनती लिख दो

21 42 63 84 105 126 147 168 189 210, बन गया 21 का पहाड़ा!

घोटल ने कहा .. हाँ, 21 का तो बन गया पर मुझे अगर 24 के पहाड़े की ज़रूरत हो तब तो मुझे रटा हुआ ही काम आएगा।

मोटल ने थोड़ा सोचा .......अरे ! इसे इस तरह बना सकते हैं..

21 से 24 सिर्फ 3 ज़्यादा है। हम 21 के पहाड़े में 3 का पहाड़ा जोड़ देंगे ।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | 42 | 63 | 84 | 105 | 126 | 147 | 168 | 189 | 210 |
| 3 | 6 | 9 | 12 | 15 | 18 | 21 | 24 | 27 | 30 |
| 24 | 48 | 72 | 96 | 120 | 144 | 168 | 192 | 216 | 240 |

घोटल बोला - इस तरह तो मैं भी बना सकता हूँ। बताओ, किसका पहाड़ा बनाऊँ?

मोटल ने कहा - 29 का पहाड़ा कठिन है इसको बनाके बताओ ...?

घोटल ने एक नया तरीका खोजा ... उसने सोचा 30 का पहाड़ा तो सरल है 29 के पहाड़े के लिए 30 के पहाड़े में से 1 का पहाड़ा घटा देते हैं।

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | 60 | 90 | 120 | 150 | 180 | 210 | 240 | 270 | 300 |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 29 | 58 | 87 | 116 | 145 | 174 | 203 | 232 | 261 | 290 |

इस तरह घोटल मोटल ने कुछ और नए तरीके से पहाड़े बनाए। क्या इस तरीके से तुम कुछ सँख्याओं के पहाड़े बना सकते हो?

